भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

**लोकसभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1625**

**10.02.2026 को उत्तर के लिए नियत**

## भारी उद्योगों का विस्तार

1625. **श्री उम्मेदा राम बेनीवालः**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मंत्रालय ने पश्चिमी राजस्थान में भारी उद्योगों के विस्तार के माध्यम से रोजगार सृजन के संबंध में कोई अध्ययन किया है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या निष्कर्ष निकले; तथा

(ग) क्या देश के अन्य औद्योगिक रूप से उभरते क्षेत्रों में भी इसी प्रकार के आकलन किए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**भारी उद्योग राज्य मंत्री**

**(श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा)**

**(क):** चूंकि भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची के अनुसार उद्योग एक राज्य का विषय है, इसलिए भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) पश्चिमी राजस्थान सहित देश के किसी भी हिस्से में भारी उद्योग के विस्तार के माध्यम से नए रोजगार सृजन से संबंधित कोई केंद्रीकृत डेटा नहीं रखता है।

**(ख)** और **(ग)**: प्रश्न ही नहीं उठता।

***